LALITPUR POLICE

प्रेस नोट

दिनांक- 20.09.2024

कोतवाली ललितपुर पुलिस, स्वाट व सर्विलांस टीम द्वारा तीन नफर अन्तर्राज्यीय भैस चोरो को किया गया गिरफ्तार

अभियुक्तों के कब्जे से दो अदद भैस कीमत करीब 1 लाख 90 हजार रूपये , एक अदद फोर्स पिकप गाडी हुई बरामद

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी के निर्देश के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक ललितपुर श्री मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद ललितपुर श्री अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर श्री अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में घटना के सफल अनावरण हेतु थाना कोतवाली ललितपुर पुलिस, स्वाट, सर्विलांस टीम द्वारा थाना कोतवाली पर पंजीकृत **मु0अ0सं0 850/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तों 1. इरफान पुत्र बाबू खाँ उम्र करीब 32 वर्ष निवासी गोल्डन रोज पब्लिक स्कूल के पास मुहल्ला गोविन्दनगर थाना कोतवाली ललितपुर जिला ललितपुर थाना कोतवाली जनपद ललितपुर 2. रामस्वरूप उर्फ सरूपे पुत्र कडोरे उम्र करीब 44 वर्ष निवासी मुहल्ला रावतयाना गोविन्दनगर ललितपुर 3. रोशनी पत्नि स्व0 दयाराम यादव उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम डुमरऊ थाना टीकमगढ देहात मूल निवासी ग्राम नयाखेडा थाना टीकमगढ देहात म0प्र0 ग्रम बुढ़वार तिराहे थाना कोतवाली ललितपुर से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से एक अदद फोर्स पिकअप यू0पी-94 सी0 9727 व 02 अदद भैंस को बरामद किया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया।**

घटना का संक्षिप्त विवरण- वादी जय हिन्द पुत्र जगत सिंह नि0 रावतयाना थाना कोतवाली ललितपुर द्वारा थाने पर तहरीर देकर अवगत कराया गया कि वाइस्तवा अज्ञात द्वारा वादी की 02 अदद भैंसे चोरी कर लेने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी।

सूचना के आधार पर थाना कोतवाली में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पुलिस टीमें लगायी गयी थी। जिनके द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तो ने पूछताछ में अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए बताया कि साहब हम लोगो का एक संगठित गिरोह है। हम लोग सुनसान जगहों व घरों को चिन्हित करते हैं और मौका पाकर भैसो को चोरी कर

लेते हैं फिर उन भैसो को ले जाकर अलग -अलग राज्यों में बेचकर मोटा मुनाफा कमाते हैं और उसे हम सभी लोग आपस में बांट लेते हैं। हम लोगो द्वारा दिंनाक-04.09.2024 को रामलीला मैदान मुहल्ला रावतयाना से भैसे चुराई थी वहाँ से भैसो को खोलकर हम लोगो पैदल भैसो को हाककर ले गये थे और भैसो को छिपाकर रखा था। फिर हमे जानकारी मिली थी कि जिनकी ये भैसे है उनके द्वारा थाना कोतवाली ललितपुर मे जाकर मुकदमा लिखवा दिया है व पुलिस हमारे घर भी गयी थी इसी डर के कारण आज हम लोग भैसो को लादकर बेचने के लिये ले जा रहे थे कि आप लोगो ने पकड लिया साहव हमे माफ कर दो हमसे गलती हो गयी है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-</u>

1. इरफान पुत्र बाबू खाँ उम्र करीब 32 वर्ष निवासी गोल्डन रोज पब्लिक स्कूल के पास मुहल्ला गोविन्दनगर थाना कोतवाली ललितपुर जिला ललितपुर
2. रामस्वरूप उर्फ सरूपे पुत्र कडोरे उम्र करीब 44 वर्ष निवासी मुहल्ला रावतयाना गोविन्दनगर ललितपुर
3. रोशनी पत्नि स्व0 दयाराम यादव उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम डुमरऊ थाना टीकमगढ देहात मूल निवासी ग्राम नयाखेडा थाना टीकमगढ देहात म0प्र0

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

1.अभियुक्तों के कब्जे से दो अदद भैस कीमत करीब 1 लाख 90 हजार रूपये ,
2.एक अदद फोर्स पिकप गाडी नं0 यूपी 94 सी 9727
3. दो अदद मोबाइल फोन व 200 रूपये

गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय- 20.09.2024 ग्राम बुढ़वार तिराहे थाना कोतवाली ललितपुर

<u>गिरफ्तारी करने वाली टीम-</u>

1.प्रभारी निरीक्षक श्री रमेश चन्द्र मिश्रा थाना कोतवाली ललितपुर मय टीम
2. उ0नि0 श्री अतुल तिवारी प्रभारी स्वाट मय टीम
3.उ0नि0 श्री आलोक सिंह प्रभारी सर्विलांस मय टीम